रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-72

REGISTERED No. D.(D

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, मंगलवार, फरवरी 20, 1979/फाल्गुन 1, 1900
No. 47] NEW DELHI, TUESDAY, FEBRUARY 20, 1979/PHALGUNA 1, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1979

संकल्प

विषय :—हथकरघा वित्त के लिए भारतीय रिजर्व बैंक योजना की कार्यप्रणाली के पुनरीक्षण के लिए अध्ययन दल।

सं० 6(9)/78-को-आप—भारत सरकार ने अपने संकल्प सं० 6/7/77-को-आप दिनांक 28 अक्तूबर, 1977 द्वारा हथकरघा वित्त के लिए भारतीय रिजर्व बैंक योजना की कार्यप्रणाली को गहराई से अध्ययन करने तथा योजना के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिये उचित सिफारिशें करने हेतु डा० एम० वी० हाटे की अध्यक्षता में एक अध्ययन दल गठित किया था। इस अध्ययन दल की रचना निम्न प्रकार से थी :—

1. डा० एम० वी० हाटे, मुख्य अधिकारी, कृषि ऋण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक।
2. श्री बी० सी० पटनायक, उपसचिव, बैंकिंग स्कंध, आर्थिक कार्य विभाग, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय।
3. श्री एम० एम० बत्रा, निदेशक (वस्त्र), राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम।
4. श्री पी० शंकर, आई० ए० एस०, निदेशक, हथकरघा और वस्त्र, तामिल नाडु सरकार।
5. श्री एस० एन० शुक्ल, निदेशक, हथकरघा, उत्तर प्रदेश सरकार।
6. श्री एम० पी० पिंटो, निदेशक, हथकरघा व वस्त्र, महाराष्ट्र सरकार।
7. श्री बी० बी० मोहन्ती, निदेशक, हथकरघा व वस्त्र, उड़ीसा सरकार।
8. सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार, बिहार सरकार।
9. प्रबन्ध निदेशक, राज्य सहकारी बैंक, कर्नाटक।
10. प्रबन्ध निदेशक, राज्य सहकारी बैंक, आन्ध्र प्रदेश।
11. श्री एल० वी० सप्तऋषि, हथकरघा उप विकास आयुक्त, सदस्य सचिव।

2. अध्ययन दल के निम्नलिखित कार्य विषय थे :—

(क) भारतीय रिजर्व बैंक के पुनर्वित्त से, सहकारी समितियों/बैंकों के द्वारा हथकरघा बुनकरों को वित्तीय सहायता देने की योजना की कार्यप्रणाली का सामान्य पुनरीक्षण करना तथा यदि आवश्यक हो तो, इस योजना के कार्यों में संशोधन का सुझाव देना तथा योजना के कार्यों में सुधार लाना।

(ख) हथकरघा बुनकरों को वित्तीय सहायता देने के लिए अपेक्षित ऋण की राशि निर्धारित करने में केन्द्रीय सहकारी बैंकों तथा राज्य सहकारी बैंकों द्वारा निभाई जाने वाली विशिष्ट भूमिका का अध्ययन करना तथा इस उद्देश्य के लिए बैंकों की अधिक प्रभावशाली कार्यों को बताना ताकि ऋण अनुमानों तथा ऋण सीमा निर्धारित करने की वास्तविकता का पता चल सके।

(ग) उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए अगले दो अथवा तीन वर्षों के दौरान शीर्ष समितियों सहित हथकरघा बुनकर सहकारी

समितियों की ऋण सम्बन्धी आवश्यकताओं का अनुमान लगाना और वित्तीय आवश्यकताओं की सीमा को मोटे रूप से बताना और इस सम्बन्ध में प्राथमिक बुनकर समितियों/शीर्ष समितियों आदि और साथ ही सहकारी वित्तीय बैंकों को सुदृढ़ करने के लिए उचित सिफारिशें करना।

(घ) सहकारी विभाग, उद्योग विभाग हथकरघा निदेशालय और सहकारी बैंकों के बीच हथकरघा सम्बन्धी वित्तीय सहायता देने के लिए राज्य स्तर और जिला अक्षेत्रीय स्तर पर समन्वय के लिए व्यवस्था के सम्बन्ध में वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना और वर्तमान कमियों को, यदि कोई हो, उनका उल्लेख करना और उनमें सुधार लाने के लिए उचित सिफारिशें करना।

(ङ) उपर्युक्त कार्य विषय से सम्बन्धित अन्य किसी समस्या पर विचार करके सिफारिशें करना।

अध्ययन दल द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन में हथकरघा वित्त की योजनाओं के विभिन्न पहलुओं से सम्बन्धित 53 सिफारिशें की गई थीं। इन सिफारिशों की, श्री मणि नारायणस्वामी, हथकरघा विकास आयुक्त की अध्यक्षता में अन्तः मन्त्रालय समिति द्वारा गहराई से जांच की गई। प्रत्येक सिफारिश पर विचार विमर्श करने के परिणामस्वरूप लिये गये निर्णय को परिशिष्ट में दिखाया गया है।

भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई अध्ययन दल की सिफारिशों को हथकरघा उद्योग के प्रभारी विभिन्न अभिकरणों और उद्योग के लिये वित्तीय संस्थानक की व्यवस्था करने और विकास के लिये उत्तरदायी अभिकरणों द्वारा क्रियान्वित किये जाने की आवश्यकता है।

एम० ए० रंगास्वामी, विशेष सचिव

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति राष्ट्रपति के निजी और मिलिट्री सचिवों, प्रधान मंत्री के कार्यालय, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों, योजना आयोग, भारत के महालेखा परीक्षक और नियंत्रक, हथकरघा/उद्योग के राज्य निदेशक, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार, राज्य शीर्ष सहकारी बैंक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को भी भेज दी जाये।

एम० ए० रंगास्वामी, विशेष सचिव

'परिशिष्ट'

हथकरघा वित्त सम्बन्धी भारतीय रिजर्व बैंक योजना की कार्यप्रणाली के पुनर्विलोकन के लिये अध्ययन दल की सिफारिशों पर लिये गये निर्णय को दर्शाने वाला विवरण।

सिफारिशों का सारांश		दिया गया निर्णय
1	2	3
1.	विभिन्न राज्यों में हथकरघा वित्त योजना का प्रभाव स्पष्ट रूप से भिन्न-भिन्न है। अधिकांश राज्यों में योजना की जो कम प्रगति पाई गई है उसका कारण मुख्यतः निम्नलिखित हो सकता है। उद्योग विभाग तथा सहकारिता विभाग का समन्वय न होने, कमजोर या निष्क्रिय समितियों को पुनः कार्यक्रम बनाने के लिये गम्भीर प्रयास न किये जाने और वित्तपोषक बैंकों द्वारा विकास के मामले में पर्याप्त रुचि न लेने के कारण सहकारी बुनकर संस्थाओं का विन्यास कमजोर हो गया था। कई राज्यों में प्राथमिक तथा शिखर स्तरों पर बुनकर सहकारी विन्यास में घटक निष्क्रिय और कमजोर समितियां रही हैं और ये संस्थाएं योजना के अंतर्गत रिजर्व बैंक से उपलब्ध पुनर्वित्त सुविधाओं का लाभ उठाने में असमर्थ रही हैं। अभी भी काफी समितियां रिजर्व बैंक द्वारा स्वीकृत कार्य पद्धति का अनुसरण नहीं करती। उत्पादन व बिक्री स्वरूप के आधार पर उनका गठन नहीं किया जाता। सोलह राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में कुल समितियों की संख्या में निष्क्रिय समितियों का संख्या का अंश 30 जून 1976 को 1/3 से भी अधिक था और बिहार, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब राजस्थान, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में समितियों की कुल संख्या में निष्क्रिय समितियों की संख्या का अंश 45 प्रतिशत और 94 प्रतिशत के बीच भिन्न-भिन्न था। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा जैसे राज्यों में निष्क्रिय समितियों की सदस्य संख्या सक्रीय समितियों की संख्या से भी अधिक थी और कर्नाटक, उड़ीसा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में निष्क्रिय समितियों की सदस्य संख्या अपेक्षाकृत काफी अधिक थी। अतः हम यह सिफारिश करते है कि राज्य सरकारों के सहकारिता और उद्योग/हथकरघा विभागों को चाहिये कि वे बुनकर समितियों के पुनर्निर्माण के लिये और जहां कहीं आवश्यक हो, उसके पुर्नगठन के लिये एक समयबद्ध कार्यक्रम बनायें, ताकि छठी योजना की अवधि के अंत में केवल ऐसी सक्षम समितियां विद्यमान हों, जो हथकरघा वित्त की योजना के अन्तर्गत रिजर्व बैंक से उपलब्ध पुनर्वित्त सुविधाओं का लाभ उठा सकें। हथकरघा और बिजली चालित करघा बुनकरों को	दिनांक 8 जून, 1978 को उद्योग मंत्री की अध्यक्षतता में हुए हथकरघा मंत्री के सम्मेलन में राज्य सरकारों संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासकों से प्रार्थना की गई है कि बुनकर समितियों के पुर्नस्थापन के लिये तथा छठी योजना की अवधि के दौरान उनके पुनर्गठन के लिये एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाये तथा सहकारिता क्षेत्र में न केवल 60 प्रतिशत बुनकरों को लाने का लक्ष्य प्राप्त कर सकें परन्तु जहां तक संभव हो उससे भी अधिक स्तर तक सहकारिता क्षेत्र में लाने का प्रयत्न करें। बुनकर समितियों को पुनर्जीवित करने तथा नई समितियां गठित करने के लिये राज्य सरकारें केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत दी गई धनराशि का भी उपयोग कर सकती हैं।

1	2	3
	काधिक मात्रा में सहकारी क्षेत्र के अंतर्गत लाने के उद्देश्य से बुनकर समितियों को पुनः कार्यक्षम बनाने/पुनर्गठित करने के लिए राज्य सरकारें शेयर पूंजीगत सहायता प्राप्त करने हेतु केन्द्रीय सरकार की योजना का लाभ उठा सकती हैं ('पैराग्राफ 3.7')	
2.	केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के अंतर्गत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के सदस्यों के अशोध्य ऋणों को बट्टे खाते में डालने के लिये कमजोर मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सहायता प्रदान की जाती है। कमजोर बुनकर समितियों के लिये भी एक इसी प्रकार की योजना बनायी जाए ताकि वे कतिपय परिस्थितियों के अंतर्गत अपनी अशोध्य आस्तियों को बट्टे खाते डाल सकें और इस प्रकार बैंकों से वित्त प्राप्त करने के लिये वे पात्र हो जाएं। इन समितियों को सीमान्त सहायता प्रदान करने के लिये भी व्यवस्था की जाए। ('पैराग्राफ 3.8')	राज्य सरकारें कमजोर हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के अशोध्य ऋणों और हानियों के बट्टे खाते में डालने की योजना बनायें ताकि बुनकर बैंक से वित्त प्राप्त करने के पात्र हो सकें राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर केन्द्रीय सरकार इन समितियों को सीमान्त योजना बनाने पर विचार करेगी।
3.	बुनकर समितियों का पर्यवेक्षण करने के लिये उपलब्ध कर्मचारी भी सामान्यतः काफी अपर्याप्त होते हैं। इन समितियों का पर्यवेक्षण करने के लिये भारत सरकार ने 1956 में मानदंड निर्धारित किये थे। इन मानदंडों में यह प्रावधान था कि हर 10 समितियों के लिये एक पर्यवेक्षक हो और हर 3 पर्यवेक्षकों के कार्य का निरीक्षण करने के लिये एक निरीक्षक हो। हम यह सिफारिश करते हैं कि राज्य सरकारों को चाहिए कि वे बुनकर समितियों का बारीकी से पर्यवेक्षण करने के निमित्त पर्याप्त संख्या में कर्मचारी नियुक्त करें। यह कर्मचारी उस विभाग से संबद्ध हों जो हथकरघा विकास के लिए कार्यक्रम बनाने तथा उसे कार्यान्वित करने के लिये जिम्मेदार हो। उन्हें चाहिये कि वे बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने वाले बैंकों के पर्यवेक्षकों/निरीक्षकों के साथ भी निकट संपर्क रखकर कार्य करें। (पैराग्राफ 3.9)	स्वीकृत। राज्य सरकारों से प्रार्थना की जा रही है कि इन मापदण्डों के आधार पर उचित कार्यवाही करें। कर्मचारियों की नियुक्ति का मानदंड और ढांचा प्रत्येक राज्य की वास्तविक आवश्यकता पर निर्भर करेगा।
	छठी योजना में यह परिकल्पना की गयी है कि देश में स्थित हथकरघों की कुल संख्या में सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले हथकरघों के अनुपात को बढ़ाकर कम से कम 60 प्रतिशत कर दिया जाए। इस कार्यक्रम के लिये ऋण सहायता तब तक नहीं मिल सकती जब तक यह कार्यक्रम सक्रिय करघों को सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत लाने से संबंधित नहीं होता। अतः हम यह जोरदार सिफारिश करते हैं कि राज्य सरकारें अधिक सक्रिय करघों को सहकारी क्षेत्र के भीतर लाने का प्रयास करें (पैराग्राफ 3.10)	सिफारिश सं० 1 के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय अनुसार।
5.	राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल पंजाब, हरियाणा और असम जैसे राज्यों में स्थित अधिकांश बैंकों को बुनकर समितियों को वित्त प्रदान करने में तथा हथकरघा वित्त की योजना को कार्यान्वित करने में अभ्यस्त होने के लिये अभी सूत्रपात करना है। हम यह सिफारिश करते हैं कि सहकारी बैंकों तथा सहकारी विभाग को चाहिये कि वे हथकरघा वित्त की योजना से मध्यवर्ती बैंकों को भलीभांती अवगत करने पर विशेष ध्यान दें। योजना को कार्यान्वित करने में अपनायी जाने वाली क्रियाविधि, अनुशासन आदि के संबंध में बैंक बुनकरों तथा समितियों को उचित रूप से मार्गदर्शन देने, सलाह देने तथा अनुदेश देने की स्थिति में हों। हम यह भी सुझाव देते हैं कि राज्य सरकारों के संबंधित विभागों तथा सहकारी बैंकों के अधिकारियों के लिये योजना के अंतर्गत सहकारी बुनकर समितियों के वित्त-पोषण पर रिजर्व बैंक/राज्य सरकारें उचित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करें (पैराग्राफ 3.11)	वैकुण्ठ मेहता राष्ट्रीय संस्थान, सहकारी प्रबन्ध विपणन और प्रबन्ध के कार्यक्रम आयोजित करेगी (2) भारतीय रिजर्व बैंक राज्य सरकारों के उच्च स्तरीय अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करेगा और सहकारी बैंको के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिये कृषि बैंकिंग कालेज पूने में हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के वित्तपोषण के लिये/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोग करेगा। नागरिक पूर्ति व सहकारिता विभाग सहकारी प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद की सलाह से सहकारी बैंकों के मध्यवर्ती और कनिष्ठ स्तर के प्रशिक्षण के लिये क्षेत्रीय सहकारी प्रशिक्षण कालेजों और कनिष्ठ प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण का आयोजन करेगा।
6.	कतिपय मध्यवर्ती बैंक बुनकर समितियों के वित्त पोषण में पर्याप्त रूचि नहीं ले रहे हैं हमारे विचार में बुनकर समितियों की समस्याओं के प्रति बैंकों का यह उदासीन दृष्टिकोण न्यायोचित नहीं है। हथकरघा उद्योग एक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र है। उद्योग मंत्री द्वारा 23 दिसंबर 1977 को संसद के सामने प्रस्तुत की गयी भारत सरकार की नयी औद्योगिक नीति में इस उद्योग की प्राथमिकता के आधार पर सहायता करने की आवश्यकता पर बल दिए गए हैं।	इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार और सहकारी बैंकों को एक परिपत्र भेजेगा। आगामी वर्षों में हथकरघा क्षेत्र को पर्याप्त मात्रा में धनराशि देने के लिये समूचे देश में सहकारी बैंकों को अधिक से अधिक शामिल करने के लिये हथकरघा विकास आयुक्त रिजर्व बैंक के समन्वय से उद्देश्य सहित अभियान आयोजित करेगा।

1	2	3
	अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि राज्य सहकारी बैंक अपने ही हित में तथा राष्ट्रीय नीति के परिप्रेक्ष्य में शिखिर बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने में अधिकाधिक योगदान दें। रिजर्व बैंक द्वारा प्रदत्त अग्रिमों को वे केवल अनुपूरक निधियों के रूप में मानें। मध्यवर्ती सहकारी बैंक भी पात्र बुनकर समितियों को दिये जाने वाले अपने अग्रिमों में बढ़ोतरी कर लें क्योंकि उन्हें रिजर्व बैंक से पूरी सीमा तक पुनर्वित्त प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया गया है (पैराग्राफ 3.13)	
7.	बैंकों के ब्याज उपदान संबंधी दावों तथा बुनकर समितियों के छूट संबंधी दावों के निपटान में राज्य सरकारें अनुचित विलंब करती आ रही हैं। अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि राज्य सरकारें वार्षिक नियोजित योजनाओं के लिए इस प्रकार पर्याप्त मात्रा में बजट में व्यवस्था करें कि राज्य सरकारों पर किये जाने वाले ब्याज, उपदान तथा छूट संबंधी दावों की पूर्ति करने के लिए, पर्याप्त राशि हो तथा वाले करने की तारीख से 3 महीनों के भीतर राशि निश्चित रूप से अदा की जा सके। ऋण की अपेक्षाकृत अधिक मात्रा को देखते हुए आगामी वर्षों में वार्षिक राज्य योजनाओं में भी ब्याज उपदान के लिए अधिक राशि की व्यवस्था करनी होगी (पैराग्राफ 3.14)	स्वीकृत। राज्य सरकारों को तदनुकूल सूचना दे दी जायेगी।
8.	कुछ एक मामलों में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17(4)ग के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 17(2)(खख) के अंतर्गत रिजर्व बैंक द्वारा बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने के लिए मंजूर की गयी ऋण सीमाओं के लिए गारंटी प्रलेख निष्पादित करने में संघ शासित क्षेत्रों के संदर्भ में राज्य सरकारों/केन्द्रीय सरकार की ओर से भी विलंब हुआ है। अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने के लिए तथा कुटीर और लघु उद्योगों के 22 स्पूल समूहों के वित्तपोषण के लिए जिनके संदर्भ में भी रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त उपलब्ध है, राज्य सहकारी बैंकों द्वारा रिजर्व बैंक से लिये जाने वाले अग्रिमों के मामले में सरकारें एक ही समय पर लगातार तीन वर्षों की अवधि के लिए चलने वाली एक ही गारंटी निष्पादित करें (पैराग्राफ 3.15)	स्वीकृत। राज्य सरकारों से यह प्रार्थना की जायेगी कि वे तीन वर्षों की अवधि के लिये एक जारी रहने वाली गारंटी लागू करें।
9.	मध्यवर्ती सहकारी बैंक केवल उन्हीं बुनकर समितियों को अधिकाधिक मात्रा में अग्रिम प्रदान कर सकते हैं, जो सक्षम इकाइयां हैं और जिनके पास अपने वैतनिक सचिव नियुक्त नहीं हैं। ऐसी समितियां देश के अधिकांश भागों में आम तौर पर पायी जाती हैं। जब तक समितियों के पास अपने वैतनिक सचिव नहीं होते तब तक उनमें अपने कारोबार का विस्तार करने तथा उसे कारगर ढंग से चलाने की क्षमता नहीं आएगी। हम यह सुझाव देते हैं कि समितियों को कर्मचारियों की नियुक्ति के हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के निमित्त भारत सरकार एक योजना बनाये। राज्य सरकारें केन्द्रीय सरकार से ऐसी सहायता प्राप्त कर सकती हैं और बाद में कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए समितियों की सहायता प्राप्त कर सकती हैं और बाद में कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए समितियों की सहायता कर सकती हैं। इस प्रयोजन के लिए राज्य सरकारें अपने वार्षिक योजनागत प्रावधानों से समितियों को प्रबन्ध-तन्त्रगत सहायता प्रदान करने के प्रश्न पर भी विचार कर सकती हैं (पैराग्राफ 3.17)	स्वीकृत। केन्द्रीय सरकार सहकारी समितियों को स्टाफ, की नियुक्ति के लिये वित्तीय सहायता देने हेतु एक योजना बनायेगा। राज्य सरकारों से यह भी प्रार्थना की जायेगी कि वे अपने वार्षिक योजनागत प्रावधानों से समितियों को प्रबन्ध तन्त्रगत सहायता प्रदान करने के प्रश्न पर भी विचार करें।
10.	हम यह भी सिफारिश करते हैं कि समितियां बुनकरों को केवल एक या दो जामिनों के आधार पर तामकों कार्य लाभदायक ढंग से चलने के लिए अपेक्षित मात्रा तक धागे की भी अग्रिम रूप से पूर्ति करें। उन्हें चाहिए कि वे बुनकरों को जारी की गयी धागे की कुल गांठों के मूल्य के कम से कम 25 प्रतिशत की सीमा तक पारिश्रमिक की अग्रिम अदायगी उन्हें करें (पैराग्राफ 3.18)	भारतीय रिजर्व बैंक, उद्योग हथकरघा निदेशक तथा सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को लिखेगा जोकि उसके बाद इस संबंध में प्राथमिक सहकारी हथकरघा बुनकर समितियों को आवश्यक हिदायतें जारी करेंगे।
11.	हालांकि बैंकों द्वारा बुनकर समितियों को उत्पादन और विपणन संबंधी प्रयोजनों के लिये दिये जाने वाले अग्रिमों में समग्रता की दृष्टि से वृद्धि हुई है, फिर भी, बैंकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले कुल अग्रिमों में ऐसे अग्रिमों का अंश पिछले	स्वीकृत। उद्देश्य सहित अभियान जैसा कि सिफारिश संख्या 6 (पैरा 3.13) में प्रस्तावित किया गया है और हथकरघा विकास आयुक्त के परिपत्र संख्या, 15015/76

1	2	3
	तीन वर्षों के दौरान लगभग स्थिर रहा है। यह स्थिति बिलकुल ही संतोषजनक नहीं है। हम यह सिफारिश करते हैं कि राज्य तथा मध्यवर्ती सहकारी बुनकर बैंक समितियों का वित्तपोषण करने को अत्यधिक प्राथमिकता दें। वे लघु कृषकों के वित्तपोषण की तरह इन समितियों के वित्तपोषण में अधिक मात्रा में अपना योगदान दें (पैराग्राफ 4.2)	कोष दिनांक 20-11-1976 द्वारा राज्य स्तर समन्वय समितियां जो कि राज्यों में पहले से ही कार्य कर रही हैं, की आमतौर पर नियमित बैठकों द्वारा ये उद्देश्य प्राप्त किये जायेंगे।
12. वर्तमान समितियों का सक्षम आधार पर पुनर्गठन करने और नयी सक्षम समितियों का गठन तथा प्रवर्तन करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों के संबंधित विभागों की है। राज्य सरकारों के इन कार्यक्रमों में राज्य तथा मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है और सरकारों को भारी मात्रा में उनकी सहायता पर निर्भर रहना होगा। अतः बैंकों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे अपनी विकासपरक तथा प्रवर्तक भूमिका को व्यापक बनायें तथा विकास कार्यक्रमों में राज्य सरकारों की सक्रिय रूप से सहायता करें (पैराग्राफ 4.3)	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकारों द्वारा सहकारी बैंकों को उपयुक्त हिदायतें भेज दी जायेंगी।
13. सहकारी बैंकों के माध्यम से उद्योगों के वित्त पोषण से संबंधित कार्यकारी दल ने यह सिफारिश की थी '1968' कि प्रत्येक राज्य सहकारी बैंक द्वारा तथा बड़े मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा सक्षम औद्योगिक खंड स्थापित किये जाएं। इस खंड को नीति तथा उससे संबद्ध मामलों पर विशेष रूप से गठित तकनीकी समूहों से मार्गदर्शन लेना होगा। परन्तु अधिकांश बैंकों ने इस कारण इन सिफारिशों को कार्यान्वित नहीं किया है कि चूंकि औद्योगिक संस्थाओं के साथ उनका कारोबार अधिक नहीं है, अतः औद्योगिक खंड तथा तकनीकी समूह की स्थापना करना उनके लिए लाभदायक प्रस्ताव नहीं होगा। हम यह सुझाव देते हैं कि बैंकों को इस मामले पर दूरदर्शिता पूर्वक विचार करना चाहिए, क्योंकि वर्तमान समितियों का सक्षम पुनर्गठन तथा नयी समितियों की स्थापना हो जाने पर वे औद्योगिक समितियों के साथ काफी कारोबार होने की आशा कर सकते हैं (पैराग्राफ 4.4)	भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकारों द्वारा राज्य सहकारी बैंकों को पहले दी गई हिदायतों के अतिरिक्त और भी हिदायतें जारी की जायेंगी।
14. आगामी पांच वर्षों की अवधि में सहकारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हथकरघों के अनुपात को बढ़ा कर 60 प्रतिशत कर देने के भारत सरकार के कार्यक्रमों के समर्थन में राज्य तथा मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को अपनी वित्तीय तथा विकासपरक भूमिकाओं को व्यापक बनाना होगा। इस संदर्भ में हम यह सुझाव देते हैं कि ऐसे प्रत्येक मध्यवर्ती सहकारी बैंक को, जिसके परिचालन क्षेत्र के अंतर्गत सक्रिय या निष्क्रिय 5000 या अधिक करघे आते हों, बैंक में केवल सहकारी बुनकर समितियों का विकास तथा वित्त पोषण संबंधी कार्य करने के लिए एक अलग कक्ष स्थापित किया जाए। इस कक्ष को अधिक संख्या में करघों को सहकारी क्षेत्र के अंतर्गत लाने, ऋण प्राप्त करने के संबंध में समितियों को औपचारिकताओं से अवगत कराने तथा समितियों की कठिनाइयों को तत्काल दूर करने में पहल करनी होगी। बुनकर समितियों से संबंधित आंकड़े एकत्र करने तथा उन्हें हथकरघा/उद्योग निदेशक/पंजीयक और रिजर्व बैंक को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी इस कक्ष को निभानी होगी 'पैराग्राफ 4.5'।	भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकारें केन्द्रीय जिला सहकारी बैंकों को उपयुक्त हिदायतें भेजेंगी।
15. हम यह सुझाव भी देते हैं कि जिन राज्यों में 30,000 या उनसे अधिक हथकरघे कार्यरत हैं, उन राज्यों में राज्य सहकारी बैंकों को चाहिए कि वे ऐसा एक अलग कक्ष स्थापित करें जो केवल बुनकर समितियों का प्रवर्धन, विकास और वित्तपोषण करने का कार्य करे तथा बुनकर समितियों की तुलना में मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के कार्यकलापों को समन्वित करे (पैराग्राफ 4.6)	भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकारें केन्द्रीय जिला सहकारी बैंकों को उपयुक्त हिदायतें भेजेंगी।
16. उन बुनकर समितियों के मामले में, जिनके समस्त सदस्य गरीब हैं, सहकारी बैंकों को चाहिए कि वे अधिक न सही, परन्तु उच्चतर वित्तपोषण एजेन्सियों से जो सुविधाएं उपलब्ध होती हैं, कम से कम उसी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करें। अधिकांश बैंक अपने वित्तीय श्रोतों से बुनकर समितियों को प्रदान किये गये ऋणों पर अधिक दर पर ब्याज लेते हैं। यह उचित नहीं है। यदि वे रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त सुविधाएं प्राप्त न करें तब भी उन्हें चाहिए कि वे उसी दर पर ब्याज लें जिस दर	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक तथा राज्य सरकारें राज्य सहकारी बैंकों को उपयुक्त हिदायतें भेजेंगी। समय-समय पर सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को उन बैंकों के मामलों की जांच करनी चाहिए जो हथकरघा क्षेत्र के लिये भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित ब्याज दर से ज्यादा ब्याज दर लेते हैं तथा इस मामले को ठीक करने के लिये उचित कार्यवाही करके

1	2	3
	पर उन्हें बैंक से पुनर्वित्त प्राप्त होता और यदि वे चाहें तो सरकार से उपदान के लिए दावा करें। हम यह सुझाव देते हैं कि सभी बैंक यह क्रियाविधि अपनाएं और यदि कोई बैंक समितियों से अधिक दर पर ब्याज ले तो राज्य सरकारों के संबंधित विभाग को इस मामले में उचित कार्यवाही करनी चाहिए (पैराग्राफ 4.10)	हथकरघा विकास कार्यालय को सूचित करें।
17.	बुनकर समितियों के विकास में सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक के उधारों के संबंध में न्यूनतम मार्जिन, शेयरों से ऋणों 1:40 के अनुपात पर संबंध आदि की जो छूटें दे रखी हैं, उनमें कोई भी सहकारी बैंक समितियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हुए कमी न लाये (पैराग्राफ, 4.11)	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक/राज्य सरकारें सहकारी बैंकों को उपयुक्त हिदायतें भेजेंगी।
18.	प्राथमिक बुनकर समितियों को मंजूर की जाने वाली अतिरिक्त ऋण सीमाओं के लिए रिजर्व बैंक ने 25 प्रतिशत का मार्जिन निर्धारित किया है, जब कि नियमित ऋण सीमाओं के मामले में उक्त मार्जिन 10 प्रतिशत है। मार्जिनों की दो विभिन्न दरें हमें औचित्ययुक्त प्रतीत नहीं होती। अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि बैंकों द्वारा प्राथमिक बुनकर समितियों को नियमित तथा अतिरिक्त ऋण सीमाओं के अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले अग्रिमों पर रिजर्व बैंक 10 प्रतिशत का एक समान मार्जिन निर्धारित करे (पैराग्राफ 4.12)	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक आवश्यक हिदायतें जारी करेगा।
19	हम यह सिफारिश करते हैं कि ऐसे मध्यवर्ती बैंकों द्वारा जिनके पास समितियों तथा उनके स्टाकों का पर्यवेक्षण करने की संतोषजनक व्यवस्थाएं विद्यमान हैं, प्राथमिक बुनकर समितियों को प्रदान की गयी अतिरिक्त सीमाओं की रिजर्व बैंक द्वारा उस हालत में अवश्य प्रतिपूर्ति की जानी चाहिए। जब बैंक अनुपूरक ऋण सीमा संबंधी अपने आवेदनपत्र प्रस्तुत करें और बैंकों द्वारा जिन समितियों का वित्तपोषण किया जाता है, वे समितियां सक्षम क्षमता की संभावनायुक्त हों और उन्होंने पूर्णकालिक वैतनिक सचिव नियुक्त किये हों (पैराग्राफ 4.13)	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक आवश्यक हिदायतें जारी करेगा।
20.	यदि मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की स्वाधिकृत निधियां रिजर्व बैंक द्वारा ऋण सीमाएं मंजूर किये जाने तक बुनकारों के वित्तपोषण में निवेशों को जारी रखने के लिए काफी अपर्याप्त हों तो हम यह सुझाव देते हैं कि राज्य सहकारी बैंक इस प्रयोजन के लिये आवश्यक अंतरिम वित्तीय सहायता प्रदान कर उनकी सहायता करें। इससे मध्यवर्ती बैंकों को उन अच्छी कार्यरत समितियों को रिजर्व बैंक द्वारा ऋण सीमाएं मंजूर किये जाने की प्रतीक्षा किये बिना ऋण सीमाओं का नवीकरण करने में सहायता मिलेगी जो ऋण सीमा की अवधि समाप्त होने पर निर्दिष्ट वित्तीय अनुशासन का पालन करती हैं (पैराग्राफ 4.16।	
21.	अल्पावधि ऋण-विन्यास का वित्तपोषण करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अनुशासन के अन्तर्गत मध्यवर्ती सहकारी बैंक तब पुनर्वित्त के लिए पात्र नहीं होता जब वर्ष के दौरान उसकी अतिदेय राशियां मांग देयताओं के 60 प्रतिशत से अधिक हो जाएं। अतः ऐसी परिस्थितियों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों तथा बुनकर समितियों को रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा। हमारा यह विचार है कि बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने के लिए मंजूर की जाने वाली ऋण सीमाओं के साथ संबद्ध करने के लिए रिजर्व बैंक के पास कोई संतोषजनक तथा विश्वसनीय कारण नहीं है। अतः हम यह सुझाव देते हैं कि जब तक बुनकर समितियां रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित किये गये मानदण्डों की पूर्ति करती है और वे निर्धारित की गयी क्रियाविधि का पालन भी करती हैं, तब तक रिजर्व बैंक इन समितियों का वित्तपोषण करने के लिए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को ऋण सीमाएं मंजूर करने पर विचार कर सकता है, चाहे भारी मात्रा में विद्यमान अतिदेय राशियों के कारण कृषि कार्यों के लिए अल्पावधि ऋण सीमाएं मंजूर की गयी हों या नहीं परन्तु शर्त यह है कि बैंक की वित्तीय स्थिति और कार्य संबंधी स्थिति इतनी विपरीत अवस्था में न हो कि वे उच्चतर वित्तपोषक एजेन्सियों द्वारा प्रदान किये जाने वाले किसी ऋण का उपयोग करने में असमर्थ हों। बुनकर समितियां अपने आप में सक्षम हों, कम से कम क्षमता की संभावनाओं से युक्त से और	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक आवश्यक हिदायतें जारी करेगा

1	2	3
	कारोबार को संभालने के लिए उनके पास पूर्णकालिक वैतनिक सचिव हों (पैराग्राफ 4, 19)	
22.	रिजर्व बैंक ने हाल ही में मार्च 1978 में बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने के लिए दिये जाने वाले अपने पुनर्वित्त की दर को बैंक दर से 1½ प्रतिशत कम दर से घटाकर बैंक दर से 2 1/2 प्रतिशत कम कर दिया है। इसके अलावा ऐसे अलग अलग बुनकर, जो प्राथमिक कृषि ऋण समितियों/कृषक सेवा समितियों/बड़े आकारवाली बहु उद्देशीय समितियों के सदस्य हैं, 9½ प्रतिशत की दर पर वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिए बैंक दर से 3 प्रतिशत कम दर पर रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त उपलब्ध होगा। समग्र राष्ट्रीय नीतियों तथा विचारों के परिप्रेक्ष्य में पुनर्वित्त की दर में और कटौती करने पर विचार करना रिजर्व बैंक के लिए संभव नहीं है। फिर भी यदि सरकार द्वारा आवश्यक उपबंध किया जाए तो बुनकर समितियों तथा उन अलग-अलग कृषकों से न्यून दर पर ब्याज लिया जा सकता है, जो प्राथमिक कृषि ऋण समितियों/कृषक सेवा समितियों/बड़े आकार-वाली बहुउद्देशीय समितियों के सदस्य भी हैं (पैराग्राफ 4.21)	पी० ए० सी०एस०/०एफ० एस० एस०/एन० ए० एम० पी० एस०, में आने वाले बुनकरों को इतनी ब्याज इमदाद दी जानी चाहिए ताकि इन समितियों को अनुचित कठिनाई न सहनी पड़े अर्थात हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के सदस्यों को। राज्य सरकारों की वार्षिक योजना की संबंधित योजना के अन्तर्गत इसकी व्यवस्था की जायेगी।
23.	हमारा यह विचार है कि यदि बैंकों को ऋण संबंधी आवेदनपत्रों की समितिवार जांच करने की शक्ति सौंपी जाए तो वे अधिक जिम्मेदारी का निर्वाह कर सकेंगे और अधिक शक्ति का प्रयोग कर सकेंगे। अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि मध्य-वर्ती सहकारी बैंकों के ऋण कार्य-क्रमों तथा विगत कार्यों के आधार पर बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने के लिए उन्हें समग्र ऋण सीमाएं मंजूर करने के प्रश्न पर रिजर्व बैंक विचार करें। अलग-अलग बुनकरों के लिए रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित कतिपय मानदण्डों के आधार पर ऋण सीमाएं निर्धारित करने की जिम्मेदारी बैंकों को ही सौंप दी जाए। इस संबंध में रिजर्व बैंक मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के मार्गदर्शन के लिए कतिपय निर्देशक सिद्धांत निर्धारित करे और बैंकों से इस	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक आवश्यक हिदायतें जारी करेगा

1	2	3
	प्रकार की आवधिक विवरणियां प्राप्त करे जो उपलब्ध ऋण की जानकारी प्राप्त करने के लिए आवश्यक हों। परन्तु रिजर्व बैंक द्वारा केवल उन्हीं मध्यवर्ती बैंकों तथा बुनकर समितियों के लिए समग्र ऋण सीमायें मंजूर की जाएं जिनके पास पर्यवेक्षण संबंधी पर्याप्त व्यवस्थायें हैं, (पैरा 4.23)	
24.	हम यह सिफारिश भी करते हैं कि किसी शिखर बुनकर समिति के लिए उसकी स्वाधिकृत निधियों की 3 गुनी ऋण सीमा मंजूर करने की जो उच्चतम सीमा निर्धारित की गयी है, उसे हटाने के संबंध में रिजर्व बैंक विचार करे: क्योंकि यह उच्चतम सीमा निर्धारित है कि शिखर समिति को मंजूर की जाने वाली ऋण सीमा उसकी विनियोजन योग्य स्वाधिकृत निधियों की 9 गुनी से अधिक न हो ('पैरा 4.24)	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई है।
25.	कुछ समय से राज्य सरकारें बुनकर समितियों की शेयर पूंजी को मजबूत बनाने के संबंध में काफी गंभीर नहीं रही हैं। हम यह सिफारिश करते हैं कि बुनकर समितियों की शेयर पूंजी में अभिदान करने की बात को राज्य सरकारें अत्यधिक महत्व दें और छठी योजना अवधि में जो केन्द्रीय निधियां उपलब्ध हैं उनके अंतर्गत उक्त योजना का अधिकतम लाभ चालू हुए वित्तीय साधनों का उचित ढंग से आवंटन कर इस संबंध में योजना को पुनः अमल में लायें (पैरा 5.4)	यह एक चालू कार्यक्रम है और अधिकांश राज्य इस योजना का पूर्ण लाभ उठा रहे हैं सभी राज्यों से प्रार्थना की जा रही है कि इस कार्यक्रम को उच्च प्राथमिकता दें।
26.	विभिन्न वित्तीय दबावों के कारण राज्य सरकारें कदाचित बुनकर समितियों की शेयर पूंजी में बड़े पैमाने पर अभिदान नहीं कर पायेंगी। अतः कतिपय वित्तीय संस्थाओं द्वारा बुनकर समितियों की शेयर पूंजी में अभिदान करने के लिए ऋण प्रदान कर राज्य सरकारों की सहायता की जानी चाहिये। हमें ऐसा प्रतीत होता है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम एक ऐसी उपयुक्त एजेन्सी है जो प्राथमिक बुनकर समितियों की शेयर पूंजी में अभिदान करने के लिए राज्य सरकारों की सहायता कर सकती है। चूंकि इस जिम्मेदारी	सिद्धांत रूप से स्वीकृत। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से एक विस्तृत योजना तैयार करने के लिये प्रार्थना की गई है।

1	2	3
	का निर्वाह करने के लिए निगम को निरंतर कारगर ढंग से अतिरिक्त निधियां प्रदान नहीं की गयी है, निगम संप्रति अपनी निधियों से केवल शिखर/क्षेत्रीय बुनकर समितियों को सहायता प्रदान करता है और प्राथमिक बुनकर समितियों को कोई सहायता नहीं दी जाती । अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि भारत सरकार द्वारा निगम को पर्याप्त निधियां प्रदान की जाएं, ताकि प्राथमिक बुनकर समितियों को शेयर पूंजी में अभिदान करने के लिए वह वित्तीय सहायता प्रदान कर सकें, (पैरा 5.9)।	
27.	हम यह भी सिफारिश करते हैं कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा प्रदान की जानेवाली सुविधाओं का शिखर बुनकर समितियां अधिक मात्रा में उपयोग करें । यह निगम शिखर बुनकर समितियों को राज्य सरकारों के जरिए न केवल शो रूमों और गोदामों का निर्माण कार्य करने और उन्हें खोलने के लिए अपितु उनका नवीकरण करने के लिए भी सहायता दे सकता है । (पैरा 5.13)।	इस संबंध में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से एक विस्तृत योजना तैयार करने की प्रार्थना की गई है।
28.	हथकरघा कपड़े की लागत प्रति वर्ष बढ़ती जा रही है। अतः रिजर्व बैंक द्वारा प्रति करघा निर्धारित वित्त की मात्राओं का आवधिक निरीक्षण करने के लिए एक तन्त्र बनाया जाना चाहिए । हम यह सुझाव देते हैं कि रिजर्व बैंक स्वयं ही बुनकर समितियों का वित्तपोषण करने के लिए अपेक्षित वित्त की मात्राओं का लगभग तीन वर्षों में एक बार अथवा यदि आवश्यक हो तो उसके पहले पुनरीक्षण करे। (पैरा 5.14)।	स्वीकृत / भारतीय रिजर्व बैंक दिसम्बर 1978 तक हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के वित्तपोषण मानदंड का पुनरीक्षण करेगा तथा इस पुनरीक्षण के आधार पर की गई सिफारिशों के अनुसार और भी पुनरीक्षण किये जायेंगे।
29.	यह पाया गया था कि कतिपय मध्यवर्ती सहकारी बैंक समितियों का वित्तपोषण वित्त की उन मात्राओं के अनुसार नहीं करते जो रिजर्व बैंक से प्रतिपूर्ति के लिए पात्र हैं । हम यह सिफारिश करते हैं कि मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को चाहिए कि वे प्रति करघा वित्त की मात्रा के अनुसार प्राथमिक बुनकर समितियों को अपने यहां पंजीकृत नये करघों के संबंध में वित्तीय सहायता प्रदान करें बशर्ते	स्वीकृत । भारतीय रिजर्व बैंक राज्य सरकारों को उपयुक्त हिदायतें भेजेगा ।

1	2	3
	कि वे पर्यवेक्षण संबंधी व्यवस्थाओं सक्षमता और वित्त की आवश्यकता के संबंध में संतुष्ट हो जाएं रिजर्व बैंक ऐसे अग्रिमों की पूरी राशि की प्रतिपूर्ति करने की स्वीकृति दे सकता है बशर्ते कि समितियों में किये गये नये करघों के पंजीकरण को हथकरघा निदेशक/राज्य सरकार का अन्य सक्षम अधिकारी प्रमाणित करे (पैरा 5.15)।	
30.	यह हो सकता है कि समिति के पास पंजीकृत कुछ करघों को किसी न किसी कारण से बेकार रखना पड़ा हो । हम यह सुझाव देते हैं कि इन करघों के सन्दर्भ में भी यदि समिति उन करघों को पुनः कार्यरत करना चाहे तो प्रति करघा वित्त की मात्रा के आधार पर ऋण सीमाएं उन करघों को पुनः कार्यरत करना चाहे तो प्रति करघा वित्त की मात्रा के आधार पर ऋण सीमाएं मंजूर की जा सकती हैं बशर्ते कि करघे कार्य करने की अच्छी स्थिति में हों । हथकरघा/उद्योग विभाग के क्षेत्र कर्मचारियों की विशेष सिफारिश के आधार पर अग्रिम मंजूर किये जाएं जिसमें यह स्पष्ट किया गया हो कि किन कारणों से करघे बेकार पड़े हुए थे और क्या वे अब कार्य करने की अच्छी स्थिति में हैं : बैंकों द्वारा प्रदत्त ऐसे अग्रिम रिजर्व बैंक से प्रतिपूर्ति पाने के लिए पात्र हो सकते हैं (पैरा 5.15) ।	स्वीकृत । भारतीय रिजर्व बैंक सहकारी बैंकों और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को उचित हिदायतें भेजेगा ।
31.	हम यह सुझाव देते हैं कि जब समितियां कोई ठोस और स्वीकार्य उत्पादन कार्यक्रम इस सन्दर्भ में आवश्यक पर्यवेक्षण व्यवस्थाओं के साथ प्रस्तुत करें तब रिजर्व बैंक उन्हें स्वीकार कर लें और तदनुसार उनकी ऋण सम्बन्धी आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया जाए । परन्तु सामान्यतः रिजर्व बैंक पूर्व वर्ष के दौरान हुए उत्पादन की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक प्रत्याशित उत्पादन के मूल्यांकन सम्बन्धी मानदण्ड का प्रयोग करें (पैरा 5.17)।	स्वीकृत । भारतीय रिजर्व बैंक सहकारी बैंकों और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को उचित हिदायतें भेजेगा ।
32.	हम यह सिफारिश करते हैं कि नयी बुनकर समितियों और पुनः क्रियाशील बनायी जाने वाली निष्क्रिय समितियों के मामले में बैंकों द्वारा उनकी ऋण सम्बन्धी अपेक्षाओं	स्वीकृत । इस सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक सहकारी बैंकों और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को उचित हिदायतें भेजेगा ।

1	2	3
	का मूल्यांकन अब तक की तरह एक वर्ष के बजाय उनके कामकाज के पहले दो वर्षों के लिए प्रदत्त प्रति करघा वित्त की मात्रा के आधार पर किया जाए और रिज़र्व बैंक बैंकों की समितियों को उनके द्वारा प्रदत्त ऐसे अग्रिमों की पूरी राशि की प्रतिपूर्ति कर दे (पैरा 5.18)।	
33. वर्तमान मानदण्डों के अनुसार शिखर बुनकर समितियों की ऋण सीमाएं रिज़र्व बैंक द्वारा सम्बन्धित वर्ष के दौरान उनकी प्रत्याशित बिक्री के 25 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित की जाती है। ये सीमाएं इस अनुमान पर आधारित होती हैं कि वर्ष के दौरान कार्यकारी पूंजी की तुलना में चार गुनी बिक्री होगी। कतिपय सहकारी समितियों द्वारा यह संकेत दिया गया है कि केवल बिक्री की आदर्श स्थितियों के अन्तर्गत ही यह सम्भव है परन्तु देश में बिक्री की स्थितियों में इतना सुधार नहीं आया है कि कार्यकारी पूंजी की तुलना में तीन गुनी बिक्री हो सके। अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि रिज़र्व बैंक कार्यकारी पूंजी में बिक्री की कुल राशि के अनुपात की व्यावहारिकता का पता लगाने के उद्देश्य से शिखर बुनकर समितियों का विस्तृत ब्यौरेवार अध्ययन करे और यदि आवश्यक पाया जाए तो शिखर बुनकर समितियों के लिए ऋण सीमाएं मंजूर करने से सम्बन्धित मानदण्डों को संशोधित करे (पैरा 5.22)।	स्वीकृत। यह अध्ययन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 30 नवम्बर, 1978 तक किया जायेगा तथा उसी अध्ययन के आधार पर उचित निर्णय लिया जायेगा।	
34. हम यह सिफारिश करते हैं कि रिज़र्व बैंक राज्य सहकारी बैंकों को हथकरघा निवेशक या राज्य सरकार के किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा अदायगी के लिए प्रमाणित पिछले तीन महीनों (सम्प्रति यह अवधि दो महीने है) की कुल छूट सम्बन्धी दावों को अथवा समय-समय पर स्वीकार किये गये ऐसे सभी दावों के अन्तर्गत पिछले महीने के अन्त तक की बकाया राशि, इनमें से जो भी कम हो—को रक्षा राशि के रूप में स्वीकृत करने की अनुमति दे (पैरा 5.24)	स्वीकृत। इस सम्बन्ध में भारतीय रिज़र्व बैंक सहकारी बैंकों और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को उचित हिदायतें भेजेगा।	
35. हम यह भी सिफारिश करते हैं कि सरकारी कर्मचारियों को हथकरघा कपड़े की उधार बिक्री के सम्बन्ध में पिछले 3 महीनों (अब तक के 2 महीनों के बजाय) में खजानों/सरकारी विभागों को प्रस्तुत किये गये दावों की कुल राशि को भी शिखर बुनकर समितियों के उधारों के लिए रक्षा राशि के रूप में स्वीकृत करने की अनुमति दी जाये (पैरा 5.25)।	स्वीकृत। इस सम्बन्ध में भारतीय रिज़र्व बैंक सहकारी बैंकों और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को उचित हिदायतें भेजेगा।	
36. हम यह सिफारिश करते हैं कि पंजीयक तथा राज्य सहकारी बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करें कि प्रत्येक मध्यवर्ती सहकारी बैंक रिज़र्व बैंक के अनुदेशों का पालन करता है और बुनकर समितियों की प्रारक्षित निधियों को समितियों के कारोबार में उपयोग के लिए तत्काल वितरित करता है (पैरा 5.26)।	स्वीकृत। भारतीय रिज़र्व बैंक/राज्य सरकारें इस विषय में सहकारी बैंकों को उचित हिदायतें भेजेंगी।	
37. हम यह सुझाव देते हैं कि जो करघे पालिएस्टर धागों को उपयोग में लाते हैं, उनके लिए रिज़र्व बैंक विशेष रूप से प्रति करघा 5,000 रु० के वित्त की मात्रा निर्धारित करे। यदि आवश्यक हो तो इस सन्दर्भ में चलाये गये अध्ययन के आधार पर अगले वर्ष स्थिति का पुनरीक्षण किया जा सकता है (पैरा 5.27)।	स्वीकृत। पोलिएस्टर वस्त्रों के उत्पादन के लिये हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों द्वारा नियत किया गया प्रति करघा का मापदण्ड जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 5,000 रुपये प्रति करघा का स्तर नियत किया गया है, में मानव निर्मित तथा मिश्रित वस्त्र भी शामिल हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक इन वस्त्रों के उत्पादन के लिये राज्य सरकारों/सहकारी बैंकों को धनराशि का मापदण्ड दर्शाते हुये उपयुक्त परिपत्र भेजेगा।	
38. असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, त्रिपुरा और मणिपुर के उत्तर पूर्वी राज्यों में स्थित सहकारी बैंकों ने अब तक बुनकर समितियों के विकास, प्रवर्तन और वित्त-पोषण में रुचि नहीं ली है। वस्तुतः इनमें से किसी भी राज्य में अब तक हथकरघा वित्त की योजना को कार्यान्वित ही नहीं किया गया है। हमें यह जानकारी दी गयी है कि इन राज्यों की अधिकांश समितियां या तो कमजोर हैं या निष्क्रिय। असम में 30 नवम्बर, 1977 को विद्यमान 1,531 बुनकर समितियों में से लगभग 845 समितियां निष्क्रिय थीं। नागालैण्ड में 15 समितियों में से केवल 3 समितियां	स्वीकृत। राज्य सरकारों ने वर्ष 1976-77 से केन्द्रीय योजना सहायता से निष्क्रिय सहकारी हथकरघा बुनकर समितियों के पुनर्गठन/पुनर्स्थापन एक कार्यक्रम प्रारम्भ किया है इस कार्यक्रम को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि सहकारिता क्षेत्र के अन्तर्गत 60 प्रतिशत सक्रिय बुनकरों को लाया जा सके तथा जहां सम्भव हो इससे अधिक के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।	

1	2	3
	सक्रिय थी । त्रिपुरा में स्थित 72 समितियों में से 43 समितियां निष्क्रिय थीं । मणिपुर और मिजोरम में स्थित क्रमशः 382 और 9 समितियों में से क्रमशः 170 और 6 समितियां निष्क्रिय थीं । इन राज्यों में सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले हथकरघों का अनुपात बहुत कम था और यह नागालैण्ड में स्थित 0.2 प्रतिशत से लेकर मणिपुर में स्थित 6.5 प्रतिशत तक अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न था । राज्य सरकारों को चाहिए कि वे इन समितियों का सक्षम आधार पर पुनर्गठन/पुनर्निर्माण करने के लिए शीघ्र कदम उठायें । बैंकों को अपनी विकासात्मक तथा प्रवर्तक की भूमिका को भी व्यापक बनाना चाहिए और अपने क्षेत्र में बुनकर समितियों के विकास में सहायता पहुंचानी चाहिए । इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर प्राथमिकता के आधार पर विशेष बल दिया जाना चाहिए और इस सम्बन्ध में भारत सरकार की ओर से भी अविलम्ब कार्रवाई की जानी चाहिए (पैरा 5.28) ।	
39.	समितियों को चाहिए कि वे अपने लिए निर्धारित जनता किस्मों के कपड़े के उत्पादन के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए गम्भीर प्रयास करें । बैंकों द्वारा इस प्रयोजन के लिए मंजूर की जाने वाली कार्यकारी पूंजीगत सहायता रिजर्व बैंक से प्रतिपूर्ति के लिए पात्र है (पैरा 5.29) ।	स्वीकृत । रिजर्व बैंक द्वारा आवश्यक हिदायतें भेज दी जायेंगी ।
40.	शिखर बुनकर समितियों को ऋण सीमाएं मंजूर करते समय रिजर्व बैंक निर्यात विपणन ऋण की आवश्यकताओं को भी हिसाब में ले लें । जिन वस्तुओं का निर्यात किया गया है, परन्तु जिनका मूल्य खरीदार द्वारा तीन महीनों तक की अवधि में अदा नहीं किया गया है, उसे समितियों द्वारा बैंकों से लिये गये उधारों के सम्बन्ध में रक्षा राशि के रूप में मानने की अनुमति दी जाए । निर्यात के लिए विशेष किस्म के कपड़े के उत्पादन में अपनी ओर से या समितियों के माध्यम से समितियों द्वारा किए जाने वाले निवेशों को समितियों	स्वीकृत । जहां तक इन शिखर समितियों की निर्यात ऋण आवश्यकताओं का भारतीय रिजर्व बैंक सभी सम्बन्धितों को उचित हिदायतें भेजेगा जहां तक प्राथमिक बुनकर समितियों का सम्बन्ध है इन समितियों की उपलब्ध सामान्य ऋण सीमाओं के साथ-साथ निर्यात ऋणों की आवश्यकताओं के लिये निर्धारित करने हेतु 30 नवम्बर, 1978 तक अध्ययन कर लिया जायेगा ।

1	2	3
	को मंजूर की जाने वाली ऋण सीमाओं के उचित उपयोग के रूप में माना जाना चाहिए । जिन प्राथमिक बुनकर समितियों ने निर्यात आर्डर प्राप्त किये हैं उनकी ओर से रिजर्व बैंक उच्चतर सीमाएं मंजूर करने पर विचार करे, यदि संबंधित कपड़े की किस्मों के उत्पादन की अर्थव्यवस्था का अध्ययन करने के बाद समितियों के निर्यात आर्डरों को पूरा करने के लिए ऋण की अधिक मात्रा आवश्यक पायी जाये (पैरा 5.30) ।	
41.	करघों की खरीद/नवीकरण और आधुनिकीकरण जैसे प्रयोजनों के लिए काफी अधिक उपदान सहित मध्यावधि ऋण अपेक्षित होते हैं। क्योंकि हथकरघा बुनकरों की चुकौती की क्षमता काफी सीमित होती है । हमारा यह विचार है कि इन प्रयोजनों के लिए बुनकरों की जिम्मेदारी है । अतः हम यह सिफारिश करते हैं कि राज्य सरकारें करघों की खरीद, नवीकरण और आधुनिकीकरण में बुनकरों/समितियों की सहायता करने के लिए अपने वार्षिक बजटों में पर्याप्त प्रावधान करें । भारत सरकार को भी इस कार्यक्रम में राज्य सरकारों की सहायता करनी चाहिए (पैरा 5.31) ।	स्वीकृत । इस सिफारिश को क्रियान्वित करने के लिये वर्तमान केन्द्र और राज्य योजना के अतिरिक्त नई योजनायें भी बनाई जायेंगी । ऐसे कार्यों के लिये सहकारी बैंकों से मध्यम कालिक तथा दीर्घ कालिक सहायतार्थ उदार शर्तों पर ऐसी संभावनाओं का पता लगाया जाना चाहिये ।
42.	कभी कभी ऐसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं कि अच्छा कार्य करने वाली समितियों के क्षेत्र में नयी समितियां पंजीकृत की जाएं और ऐसी नयी समितियों का वित्तपोषण करने में बैंक उदासीन रहें । यदि नयी समितियों के संगठन में मध्यवर्ती सहकारी बैंक को भी संबद्ध किया जाए तो ऐसी स्थितियों को अवश्य टाला जा सकेगा (पारा 6.2) ।	स्वीकृत । राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों से प्रार्थना की जायेगी कि वे नई समितियों के गठन/निष्क्रिय समितियों को पुनः सक्रिय करने के लिये केन्द्रीय सहकारी बैंकों का सहयोग प्राप्त करें ।
43.	हमारे विचार में यदि राज्य स्तरीय समितियों में कुछ गैर सरकारी लोगों को भी रख लिया जाये तो समितियों को उनके कार्य संबंधी बहुत से मामलों में सहायता मिल सकती है । हम इस प्रकार के कदम का स्वागत करेंगे । साथ ही राज्य सरकारों पर इस बात	स्वीकृत । राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों से प्रार्थना की जायेगी कि इस विषय में उचित कार्यवाही करें ।

1	2	3
	की जिम्मेदारी छोड़ दी जाए कि गैर सरकारी लोगों को इन समितियों में किस तरह और किस सीमा तक लिया जाए 'पैरा 6.3'।	
44.	सहकारी क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में विभाजक हथकरघा क्षेत्र पर दुहरा नियंत्रण नहीं होना चाहिए। हथकरघा विकास कार्यक्रमों के निर्धारण और कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी विभाग अर्थात् हथकरघा निदेशालय के अधीन हथकरघा सहकारी, संस्थाओं का प्रभार होना चाहिए। बुनकर समितियों के पंजीकरण की जिम्मेदारी भी इसी विभाग पर होनी चाहिए। साथ ही समितियों की ऋण संबंधी आवश्यकताओं को नियोजित करने का अधिकार इस विभाग को होना चाहिए जैसे कि तमिलनाडु में विद्यमान है। बैंकों के ऋण सीमा संबंधी आवेदनपत्र भी इसी विभाग द्वारा रिजर्व बैंक को प्रेषित किये जाने चाहिए। 'पैरा 6.6'।	स्वीकृत। राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों से प्रार्थना की जायेगी कि इस विषय में उचित कार्यवाही करें। भारतीय रिजर्व बैंक उन हथकरघा/उद्योग निदेशक को भी स्पष्टीकरण भेजे जिनको उनकी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों ने सहकारी समितियों का पदेन रजिस्ट्रार/अतिरिक्त रजिस्ट्रार घोषित किया है। हथकरघा उद्योग निदेशक अपने हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के ऋण सीमा आवेदन पत्र सहकारी समितियों के राज्य रजिस्ट्रारों को सूचित करते हुए सीधे भारतीय रिजर्व बैंक को भेज सकते है।
45.	कई बुनकर समितियों के पास स्टाकों का संचयन हो रहा है जिसका कारण बाजार के भावों में गिरावट नहीं, बल्कि समितियों द्वारा तैयार किया गया कपड़ा ऐसा है जो जल्दी और आसानी से बिक नहीं सकता। इस संदर्भ में समितियों की सहायता के लिए भारत सरकार ने 1956 में प्रत्येक उप पंजीयक के क्षेत्र में डिजाइनरों की नियुक्ति करने का सुझाव दिया था। हमने देखा है कि तमिलनाडु राज्य हथकरघा बुनकर समिति ने तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी नियुक्त किये हैं जो प्राथमिक बुनकर समितियों को उत्पादन कार्य में नयी तकनीकों का प्रयोग करने में सहायता देंगे। इसलिए हमारा सुझाव है कि सभी शीर्षस्थ बुनकर समितियां प्राथमिक बुनकर समितियों की सहायता के लिए तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी नियुक्त करें। तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए शीर्षस्थ समितियों को राज्य सरकारों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाये 'पैरा 6.9'।	स्वीकृत। राज्य स्तर के संगठन को शिखर स्तर पर तकनीकी स्टाफ, की व्यवस्था के लिये राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की योजना का पूर्ण रूप से लाभ उठाना चाहिये।
46.	हम यह सुझाव देते हैं कि ऐसे क्षेत्रों में, जहां बुनकर समितियों की अधिकता है, संबंधित मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को चाहिए कि अपने उपनियमों में संशोधन करके भी इन समितियों को प्रतिनिधित्व प्रदान करें। राज्य सहकारी बैंकों के निदेशक मंडलों में शीर्षस्थ/क्षेत्रीय बुनकर समितियों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए 'पैरा 6.10'	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक इस सम्बन्ध में उचित हिदायतें भेज देगा।
47.	हम यह सिफारिश करते हैं कि चूंकि राज्य स्तरीय समितियां अपने राज्यों की परिस्थितियों को अच्छी तरह जानती हैं इसलिए वे एक समिति की कार्यक्षमता के मानदण्ड निर्धारित करें। यदि उक्त कार्य नहीं किया जाता तो केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के दुरुपयोग की संभावना उत्पन्न हो सकती है। सामान्य मानदण्ड के अनुसार एक बुनकर समिति के पास वर्ष भर सक्रिय रूप से कार्य करने वाले 100 करघे होने चाहिए और कम से कम 3.50 लाख रुपये की कुल वार्षिक बिक्री होनी चाहिए। 'पैरा 7.3'।	स्वीकृत। केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्रों के परामर्श के विशेष राज्य में सक्षम समिति बनाने के लिये उचित निर्देश जारी करेगी।
48.	सहकारी हथकरघा क्षेत्र को जबर्दस्त विपणन नीति अपना कर संगठित क्षेत्र के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बुनकर सहकारी संस्थाओं को उत्पादन की नई विधियों को अपनाना होगा जिससे यह निश्चय हो सके कि उनके द्वारा उत्पादित सामग्री मध्य वर्ग और निम्न वर्ग की पहुंच के भीतर हो क्योंकि हथकरघा उत्पादन के प्रयोगकर्ता बड़ी संख्या में इसी वर्ग के लोग होते हैं। उक्त दो बातों के संबंध में भारत सरकार का वस्त्र उद्योग विभाग हथकरघा क्षेत्र की सामान्य रूप से और बुनकर सहकारी संस्थाओं को विशेष रूप से सहायता दे सकता है। पैरा '7.4'।	स्वीकृत। उत्पाद विकास, विपणन आसूचना और हथकरघा कपड़े की आंतरिक और बाहरी विक्रय के संवर्धन के अध्ययन को केन्द्रीय योजनाओं में उच्च वरीयता दी जायेगी। इस विषय में राज्य स्तर के संगठनों को आवश्यक वित्तीय सहायता भी दी जायेगी।

1	2	3
49.	हथकरघा और बिजली चालित करघा उद्योगों के लिए नियुक्त वस्त्र संबंधी मुख्य कार्यकारी दल के उप दल की 19 जनवरी 1978 को बम्बई में हुई एक बैठक में यह विचार प्रकट किया गया कि यदि भारत सरकार द्वारा सहकारी कताई मिलों को रुई की गांठें आबंटित करने में कुछ अधिमान्यता दी जाये तो बुनकर सहकारी संस्थाओं को सूत की आपूर्ति अच्छी तरह हो सकेगी : क्योंकि कताई मिलों से अपेक्षा की जाती है कि वे बुनकर सहकारी संस्थाओं को सूत की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर करें । इस विषय में हमारा सुझाव है कि भारत सरकार उपर्युक्त सुझाव की व्यवहार्यता पर विचार करे । 'पैरा 7.5' ।	इस सुझाव पर विचार किया जा रहा है ।
50.	अध्ययन दल के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक द्वारा देश में 13 जिलों की 65 बुनकर समितियों के 640 सदस्यों के संदर्भ में जो गहन अध्ययन किया गया उससे यह विदित हुआ कि औसत बुनकर सहकारी कताई मिलों के शेयर प्राप्त करने में प्राय: रुचि नहीं रखता और जो शेयर प्राप्त करने के इच्छुक है उनके पास उपभोक्ता किस्म की सहकारी कताई मिलों के शेयर प्राप्त करने के लिए सहकारी माध्यम से रिज़र्व बैंक द्वारा दिये गये किसी भी मध्यवधि ऋण की किश्तों को चुकाने की पर्याप्त क्षमता नहीं है । फिर भी उन बुनकरों को जिनकी बुनाई को छोड़कर अन्य स्रोतों से अतिरिक्त आय होती है ऐसे ऋण चयनात्मक रूप से और शेयरों के मूल्य के कम से कम 33⅓ प्रतिशत से 50 प्रतिशत की सीमा तक के सरकार द्वारा दिये जाने वाले पर्याप्त उपदान के आधार पर ऋण दिये जा सकते हैं । समितियों द्वारा ऋण की राशि बुनकरों को दिये जाने वाले वेतन में से उचित रूप से काटी जा सकती है । हमारी सिफारिश के अनुसार रिज़र्व बैंक हथकरघा	कताई मिलों के शेयर खरीदने हेतु बुनकरों को ऋण देने के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक, हथकरघा विकास आयुक्त और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के परामर्श से, एक उपयुक्त योजना तैयार करेगा ।

1	2	3
	बुनकर समितियों को इस उद्देश्य से ऐसी सुविधायें उपलब्ध कराने की व्यवहार्यता पर विचार कर सकता है कि हथकरघा बुनकर/हथकरघा बुनकर समितियां सहकारी कताई मिलों से शेयर प्राप्त कर सकें, बशर्ते कि राज्य सरकारें हथकरघा बुनकरों के मामले में दिये गये सुझाव के अनुसार समितियों को उपदान देने के लिए सहमत हो जायें पैरा '7.7' ।	
51.	हमारी सिफारिश है कि रिज़र्व बैंक हथकरघा बुनकरों/हथकरघा बुनकर समितियों के लिए सहकारी कताई मिलों की ओर से एक ऋण व्यवस्था शुरू करने पर विचार करे जैसा कि सहकारी चीनी मिलों के संबंध में किया गया है । यह ऋण उनकी कार्यकारी पूंजी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 1/4/ग, के अन्तर्गत सूत के बंधक/दृष्टिबंधक के आधार पर दिया जाए । भारत सरकार भी मिलों को उपदान देने के संबंध में विचार कर सकती है जिससे कि ऋण पर ब्याज अदा करने का बोझ हल्का हो सके । 'पैरा 7.10'।	सिद्धान्त रूप में स्वीकृत । इस सिफारिश को क्रियान्वित करने में आने वाली वित्तीय और अन्य कठिनाइयों की भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा और जांच की जायेगी । जहां तक सहकारी कताई मिलों को उनकी कार्यशील पंजी पर ऋण इमदाद की मंजूरी का सम्बन्ध है, भारत सरकार, राज्य सरकारों/केन्द्र शासित क्षेत्रों से परामर्श करके उन योजनाओं की रूपात्मकता तैयार करेगी । भारतीय रिज़र्व बैंक इस सम्बन्ध में यथा समय उचित कार्यवाही करेगा ।
52.	हम यह सिफारिश करते है कि रिज़र्व बैंक बुनाई पूर्व और बुनाई के बाद अभिसंस्करण कार्यों के लिए लगाये गये यूनटों को चलाने के लिए बुनकर समितियों की ओर से रियायती दरों पर पुनर्वित्त सहायता प्रदान करे । पर यह सहायता उस स्थिति में दी जाये जब उक्त यूनिट लघु उद्योगों के लिए निश्चित कसौटी पर खरे उतरें । यदि वे लघु उद्योगों की कसौटी पर खरे नहीं उतरते तो उनको रिज़र्व बैंक द्वारा दी जाने वाली पुनर्वित्त सुविधाओं के लिए उपभोक्ता किस्म की सहकारी कताई मिलों के समान ही समझा जाए । 'पैरा 7.12' ।	स्वीकृत । भारतीय रिज़र्व बैंक राज्य सरकारों/केन्द्र शासित क्षेत्रों और सहकारी बैंकों को उपयुक्त हिदायतें जारी करेगा।

1	2	3
53.	हमारा सुझाव है कि रिजर्व बैंक मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को चुनकर समितियों का वित्तपोषण करने की अनुमति दे ताकि ये समितियां अपने सदस्यों को रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित उचित अधिकतम सीमा और मानदण्डों के भीतर उपभोग ऋण प्रदान कर सकें। चुनकर समितियों को बैंकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले ऐसे अग्रिमों को बैंकों की स्वाधिकृत निधियों पर वैध प्रभार के रूप में माना जाए। (पैरा 7.14)।	स्वीकृत। भारतीय रिजर्व बैंक राज्य सरकारों/केन्द्र शासित क्षेत्रों और सहकारी बैंकों को उपयुक्त हिदायतें जारी करेगा।

एम० ए० रंगास्वामी, विशेष सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

RESOLUTION

New Delhi, the 20th Feb., 1979

Sub:—Study Group to review the working of the Reserve Bank of India Scheme for Handloom Finance.

No. 6(9)/78/Coop.—The Government of India set up on the 28th October, 1977 by their resolution No. 6/7/77-Coop, a Study Group under the Chairmanship of Dr. M.V. Hate, to study in depth the working of Reserve Bank of India Scheme for Handloom Finance and to make suitable recommendations for proper working of the Scheme. The composition of the Study Group was as follows :—

1. Dr. M.V. Hate, Chief Officer, Agricultural Credit Deptt., Reserve Bank of India, Bombay.
2. Shri B.C. Patanik, Dy. Secretary, Banking Wing, Deptt. of Economic Affairs, Govt. of India, Ministry of Finance, New Delhi.
3. Shri M.M. Batra, Director of Textiles, National Cooperative Development Corporation, New Delhi.
4. Shri P. Shankar, Director of Handlooms & Textiles, Government of Tamil Nadu, Madras.
5. Shri S.N. Shukla, Director of Handlooms, Government of Uttar Pradesh, Kanpur.
6. Shri M.P. Pinto, Director of Handlooms & Textiles, Government of Maharashtra, Nagpur.
7. Shri B.B. Mohanty, Director of Handlooms & Textiles, Government of Orissa, Bhubaneswar.
8. Registrar of Cooperative Societies, Government of Bihar Patna.
9. Managing Director of State Cooperative Bank, Karnataka.
10. Managing Director of State Cooperative Bank, Andhra Pradesh.
11. Shri L.V. Sabtharishi, Deputy Development Commissioner for Handlooms Member—Secretary

The terms of the reference of the Study Group were as follows:—

(a) To review generally the working of the scheme for financing of handloom weavers through Co-operative Societies/Banks out of refinance from the Reserve Bank of India and to suggest modifications and improvements in the working of the scheme, if required.

(b) To study the specific role played by the Central Cooperative Banks and State Co-operative Banks in arriving at the quantum of credit required for financing of handloom weavers and to indicate a more effective role for the banks for the purpose so that the credit estimates and the credit limit applications are realistic.

(c) In the light of the above, to assess the credit requirements of handloom weavers' co-operative societies including the Apex Societies during the next two or three years and to give a broad indication of the magnitude of finenaial requirements and in this connection make suitable recommendations in regard to strengthening of the primary weavers societies/Apex Societies etc. and also of the co-operative financing panks.

(d) To study the present position in regard to arrangements for co-ordination at the State level and district/regional level in regard in handloom financing between the Cooperative Department, Industries Department/Directorate of Handlooms and Co-operative Banks and to point out the existing inadequacies, if any, and make suitable recommendations for remedying them.

(e) To consider any other problem which is relevant to the above terms of reference and make recommendations.

